# सीएमपीडीआई अन्तर क्षेत्रीय संस्थान फुटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

## सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची की टीम को विजेता का खिताब

रांची 09 सितम्बरः बिलासपुर में आयोजित सीएमपीडीआई अन्तर क्षेत्रीय संस्थान फुटबॉल प्रतियोगिता में सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची की टीम को विजेता का खिताब मिला। सीएमपीडीआई के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री ए0के0 देबनाथ की उपस्थिति में खेले गए इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच में सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची की टीम का मुकाबला सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान–7, भुवनेश्वर के बीच हुआ। मुख्यालय, रांची की टीमने 4–2 गोल (पेनाल्टी शूट आउट में) से रोमांचक मैच को जीत लिया।

इस अवसर पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री ए0के0 देबनाथ ने प्रतियोगिता के विजेता व उप–विजेता टीम को पुरस्कृत किया । श्री देबनाथ ने कहा कि सीएमपीडीआई के कर्मियों की औसत आयु में आयी कमी को ध्यान में रखते हुए फुटबॉल प्रतियोगिता कराने की इच्छा हुई। इस तरह के आयोजन काफी लम्बे समय के बाद हुआ है। उन्होंने इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु क्षेत्रीय संस्थान–5 को बधाई दी।

ज्ञात हो कि उक्त प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन दिनांक 05.09.2013 को श्री एस0के0 मोहन्ती, सहायक श्रमायुक्त (केन्द्रीय), भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, बिलासपुर के द्वारा किया गया था। इस प्रतियोगिता में सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची सहित इसके आसनसोल, धनबाद, रांची, नागपुर, बिलासपुर, सिंगरौली एवं भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय संस्थान की टीम ने भाग लिया।